ई.एच.डी.-7

स्नातक उपाधि कार्यक्रम
सत्रांत परीक्षा
दिसम्बर, 2015

ऐच्छिक पाठ्यक्रम : हिन्दी
ई.एच.डी.-7 : हिन्दी भाषा की संरचना

समय : 3 घण्टे *अधिकतम अंक : 100*

---

*नोट : खण्ड क में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर लिखिए । खण्ड ख अनिवार्य है ।*

खण्ड क

4×15=60

1. बलाघात का अर्थ स्पष्ट करते हुए हिन्दी में आक्षरिक बलाघात के नियमों का सोदाहरण विवेचन कीजिए ।

2. प्रयोग और अर्थ के आधार पर रूपिम के विविध भेदों का सोदाहरण परिचय दीजिए ।

3. 'भाषा, समाज और संस्कृति की संवाहिका है ।' इस कथन की उदाहरण सहित समीक्षा कीजिए ।

4. प्रत्यय का अर्थ स्पष्ट करते हुए हिन्दी के व्युत्पादक प्रत्यय पर चर्चा कीजिए ।

5. क्रिया पदबंध के मुख्य घटकों पर विस्तार से उदाहरण सहित विचार कीजिए ।

6. मानकीकरण से क्या तात्पर्य है ? देवनागरी के मानकीकरण की आवश्यकता के विविध पक्षों की चर्चा कीजिए ।

7. शैली क्या है ? इसे समझाते हुए हिन्दी की प्रयोजनमूलक शैलियों का विवेचन कीजिए ।

8. लिपि के उद्भव और विकास पर निबंध लिखिए ।

खण्ड ख

9. उपयुक्त उदाहरण देते हुए किन्हीं ***चार*** पर टिप्पणियाँ लिखिए : *4×5=20*

(क) रूप, रूपिम तथा संरूप

(ख) अनेकार्थी शब्द

(ग) शून्य रूपिम

(घ) संज्ञा पदबंध

(ङ) शब्द और पद

10. उपयुक्त शब्द चुनकर वाक्य पूर्ति कीजिए : *5×2=10*

(क) परसर्गों के संयोग से रूप बदलने वाले शब्दों को _________ कहते हैं। (विकारी/अविकारी)

(ख) _________ वाक्य में दो या अधिक उपवाक्य होते हैं और वे सभी उपवाक्य मुख्य या स्वतंत्र होते हैं। (संयुक्त/मिश्र)

(ग) मानकीकरण से भाषा _________ हो जाती है। (बोझिल/बोधगम्य)

(घ) अक्षर में यदि स्वर पहले आए तो _________ लिपिचिह्न से लिखा जाता है। (पूर्ण स्वर/मात्रा)

(ङ) बहुभाषा-भाषी समाज में कोड-परिवर्तन _________ प्रक्रिया है। (सायास/सहज)

11. नीचे दिए गए निर्देशों के अनुसार बदलकर लिखिए : *5×2=10*

(क) 'आदमी' तथा 'कुर्सी' शब्दों का बहुवचन लिखिए ।

(ख) उपसर्ग लगाकर 'कर्म' का विपरीतार्थक शब्द बनाइए ।

(ग) 'रसोईघर' का समास-विग्रह करते हुए समास का प्रकार भी बताइए ।

(घ) तुम यह पत्र नहीं पढ़ सकोगे ।

(कर्मवाच्य में बदलिए)

(ङ) मेरा विचार आज ही लौट जाने का है ।

(मिश्रवाक्य में रूपांतरित कीजिए)